HERSHEY

हशेर् कंपनी आपूतिर्कतार् आचार संहिता

हशेर् कंपनी अपने जिन उच्चनैतिक व्यवसायिक मानकों एवं सत्यनिष्ठा के साथ 125 से अधिक वषोर् से विभिन्न समुदायों के साथ काम किया है। हम उसी विश्वास को ध्यान में रखते हुए अपने विश्वभर के उपयोगकतार्ओं, व्यापारिक भागीदारों के नेटवकर् पर विश्वास करते हुए हम अपनी सत्यनिष्ठा, मूल्यों और परिचालन सिद्धांतों के लिए पर्तिबद्ध हैं।

आपूर्तिकर्ता संहित नवंबर 2019 में अपडेट किया गया है, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है। अपनी आपूर्ति श्रंखला के विकास हेतु हर्शे को "आपूर्तिकर्ता संहिता" के द्वारा अपेक्षाओं एवं दिशा-निर्देशों का सारांश जिसमें मानवाधिकार, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, नैतिक व्यवसायिक मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धताएँ हैं। आपूर्तिकर्ता संहिता अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक, मूलभूत सिद्धांतों, कार्यस्थल पर आई एल ओ की घोषणा, बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए, ओईसीडी दिशा-निर्देश, व्यवसाय और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों (यूएनजीपी) और यूएन के वैश्विक समझौते दस सिद्धांतों के साथ संरेखित हैं।

हम सभी आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसायिक भागीदारों से इस आपूर्तिकर्ता संहिता का पालन करने की अपेक्षा रखते हैं। आपूर्तिकर्ता का मतलब हर्शे के लिए वस्तुएँ या सेवाएँ उपलब्ध कराने वाले किसी भी तृतीय पक्ष को संदर्भित करता है, जिसमें अपनी सहायक या सहबद्ध इकाईयों सहित हमारे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ता, सह-विनिर्माता और सह-पैककर्ता, श्रम प्रदाता, संभरण प्रदाता, वितरक और लाइसेंसधारी शामिल हैं, लेकिन जो इतने तक ही सीमित नहीं है। आपूर्तिकर्ताओं के उप-ठेकेदारों से भी आपूर्तिकर्ता संहिता का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

हम अपने समस्त आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसायिक भागीदारों से अपनी समस्त आपूर्ति श्रंखला में हमारी कुशल प्रबंध प्रणालियों, नीतियों, प्रकियाओं, आपूर्तिकर्ता संहिता में निर्धारित मानकों एवं अपेक्षाओं को बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण द्वारा संचालित करने की अपेक्षा करते हैं।

हमें अपने आपूर्तिकर्ताओं से सभी बाजारों में लागू राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय कानूनों/विनियमों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं जिनमें वे काम करते हैं; हालाँकि, जहाँ स्थानीय कानून या मानक इस आपूर्तिकर्ता संहिता से भिन्न हैं, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अधिक कठोर मानकों और सिद्धांतों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं।

निरंतर सुधार की भावना से, हर्शे इस आपूर्तिकर्ता संहिता में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ती करने और संभव होने पर आवश्यकताओं को पार कर जाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपूर्तिकर्ता द्वारा हर्शे कंपनी की आपूर्तिकर्ता संहिता का पालन करने की अनुशंसा के पश्चात परचेस ऑर्डर की स्वीकृति दें।

बाल शर्म

हर्शे अपनी आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी रूप में बाल श्रम को सहन नहीं करता है। हम, जैसा कि आईएलओ कन्वेंशन 138 और 182 द्वारा परिभाषित किया गया है, "बाल श्रम के सबसे बुरे रूपों" का उन्मूलन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर्शे अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपने परिचालनों में बाल श्रम रोकने की अपेक्षा करता है और उद्योग के इस तरह की प्रथाओं के उन्मूलन के उद्देश्य वाले प्रयासों में भाग लेने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित करता है जहाँ वे आपूर्ति श्रृंखला में विद्यमान हैं।

- जहाँ स्थानीय कानून अनुमति देता है, 15 वर्ष से कम आयु या 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है, और ऐसा अपवाद आईएलओ की कन्वेंशन संख्या 138 और 182 के या देश में रोजगार हेतु न्यूनतम कानूनी आयु के अंतर्गत, जो भी अधिक है, संगत है।
- 18 वर्ष से कम आयु के श्रमिकों का कोई भी नियोजन स्कूली शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा में हस्तक्षेप नहीं करता है या बच्चों को ऐसे जोखिमों के संपर्क में नहीं लाता है जिनसे शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक विकास को नुकसान पहुँच सकता है।

बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी

हर्शे अपनी आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार के अनुचित या अवैध श्रम, जैसे कि बेगारी या मानव तस्करी, को सहन नहीं करता है। हर्शे अपेक्षा करता है कि इसकी आपूर्ति श्रृंखला में सभी श्रम स्वैच्छिक हों और यह कि श्रमिकों को आवाजाही की स्वतंत्रता की अनुमति हो। बेगारी और मानव तस्करी के सभी रूप प्रतिबंधित हैं, जिनमें बन्दी, गुलाम, बंधुआ या जबरन गिरमिटिया श्रम का कोई भी रूप शामिल है लेकिन जो इतने तक ही सीमित नहीं है।

- भय या बलोपयोग, जबरदस्ती के माध्यम से या अन्य साधनों के माध्यम से व्यक्तियों की उनके शोषण के उद्देश्य से भर्ती, परिवहन, स्थानांतरण, प्रश्रय या प्राप्ति निषिद्ध है।
- रोजगार से पहले, श्रमिकों को स्पष्ट रूप से उनके अधिकार और जिम्मेदारियाँ बताते हुए उनके नियोजन की मूल शर्तों के बारे में सटीक और बोधगम्य जानकारी के साथ-साथ मजदूरी, काम के घंटों और छुट्टियों की जानकारी प्रदान की जाती है।
- श्रमिक अर्थदंड के बिना उचित नोटिस पर काम छोड़ने और अपना रोजगार समाप्त करने के लिए स्वतंत्र हैं और नियोक्ताओं को रोजगार की शर्तों के रूप में किसी भी व्यक्तिगत पहचान, यात्रा दस्तावेज या मजदूरी को रोककर नहीं रखना चाहिए।
- रोजगार चाहने वालों और वर्तमान कर्मचारियों को अपना रोजगार प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए प्रभारित नहीं किया जाता है या शुल्क या जमानत का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती है।

संघ की स्वतंतर्ता और सामूहिक सौदेबाजी

हर्शे अपने संपूर्ण परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला में कर्मचारियों के संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का सम्मान करता है।

- श्रमिकों को भेदभाव, प्रतिशोध, उत्पीड़न या धमकी के डर के बिना अपनी पसंद का ट्रेड यूनियन बनाने, उसमें शामिल होने या न शामिल होने और सामूहिक सौदेबाजी करने का अधिकार है।
- ऐसे मामलों में जहाँ स्थानीय कानून द्वारा संघ की स्वतंत्रता प्रतिबंधित है, संघ की स्वतंत्रता के वैकल्पिक साधनों को बाधित नहीं किया जाता है।

भेदभाव-रहितता

हर्शे कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को सहन नहीं करता है। हम कामकाज के वातावरण में विविधता और समावेश के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- किसी व्यक्ति की प्रजाति; रंग; लिंग; आयु; राष्ट्रीय उत्पत्ति; धर्म; नागरिकता स्थिति; राजनीतिक राय; वैवाहिक स्थिति; यौन रूचि; संरक्षित संघ गतिविधि में संलग्न होने, संलग्न होने से बचने; लैंगिक पहचान; ट्रांसजेंडर स्थिति; शारीरिक या मानसिक

विकलांगता; संरक्षित अनुभवी स्थिति; आनुवंशिक जानकारी; गर्भावस्था (प्रसव और संबंधित चिकित्सीय स्थितियों सहित, स्तनपान से संबंधित चिकित्सीय स्थितियों सहित); के आधार पर आधारित कार्यस्थल पर भेदभाव या लागू संघीय, राज्य या स्थानीय कानून द्वारा संरक्षित अन्य श्रेणियाँ, जो हर्शे के मूल्यों के विपरीत हैं, सख्ती से वर्जित है।

- काम पर रखने और नियोजन निर्णय जिनमें प्रतिफल, लाभ, पदोन्नति, प्रशिक्षण और विकास, अनुशासन, और सेवासमाप्ति से संबंधित निर्णय शामिल हैं, पूरी तरह से श्रमिक के कौशल, क्षमता, अनुभव और प्रदर्शन पर आधारित होते हैं।

उत्पीड़न

हर्शे कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का असमान व्यवहार सहन नहीं करता है।

- सभी श्रमिकों से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा और वे किसी भी प्रकार के अनीतिशास्त्रीय व्यवहार, हिंसा के भय, या शारीरिक, मानसिक या यौन उत्पीड़न के अन्य रूपों के अधीन नहीं होंगे।
- इन आवश्यकताओं के आलम्बन में अनुशासनात्मक नीतियों और प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है और सभी श्रमिकों को सूचित किया गया है।

काम के घंटे, मजदूरी और लाभ

हर्शे आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक भाग में नियोजित व्यक्तियों के लिए काम के घंटों, मजदूरी और लाभों के संबंध में लागू कानूनों और सामूहिक सौदेबाजी के समझौतों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को श्रमिकों के लिए अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मजदूरी का भुगतान करने के प्रति कार्य करने और कुछ विवेकाधीन आय प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

- मजदूरी और लाभ का समय पर और कम से कम लागू कानूनी न्यूनतम मजदूरी और किन्हीं भी संबद्ध सांविधिक लाभों के बराबर भुगतान किया जाता है।
- काम के घंटे लागू कानूनी मानदंडों को परिलक्षित करते हैं और ओवरटाइम का कानूनी रूप से अनिवार्य बनाए गए प्रीमियम की दर से या आईएलओ कन्वेंशन 1 द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप भुगतान किया जाता है (ओवरटाइम के लिए भुगतान की दर नियमित दर के सवा गुना से कम नहीं होगी) यदि कोई अधिदिष्ट प्रीमियम नहीं है।
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य अनुसूची और विश्राम अवधियाँ लागू स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। काम के घंटो और अनुसूचियों को कर्मचारियों के स्वास्थ्य या सुरक्षा से अधिक और पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डालने वाला नहीं होना चाहिए।
- सामाजिक सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अंतर्गत श्रमिकों के प्रति दायित्वों से बचने के लिए स्थायी अवधि ठेकों, श्रम मात्र ठेके के अत्यधिक उपयोग, उप-ठेके पर उठाना, घर से काम या प्रशिक्षुता योजनाओं सहित अस्थायी श्रम व्यवस्था का उपयोग नहीं किया जाता है।

शर्मिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

हर्शे अपेक्षा करता है कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित और स्वस्थ काम का माहौल उपलब्ध कराया जाए।

- भूमिका, पदवी या जिम्मेदारी से निरपेक्ष, श्रमिकों को असुरक्षित या अस्वास्थ्यकर काम करने की दशाओ को अस्वीकार और सूचित करने का अधिकार है।
- नियोजन से पहले और फिर अपने श्रमिकों की प्राथमिक भाषा (भाषाओं) में नियमित आधार पर श्रमिकों को आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं सहित उचित व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षित किया जाता है। श्रमिकों को उचित सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं और उचित उपयोग के संबंध में निर्देश दिया जाता है।
- सभी श्रमिकों के लिए पीने के पानी के साथ-साथ पुरुष और महिला श्रमिकों के लिए पर्याप्त और स्वच्छ स्वच्छता सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। श्रमिकों की शौचालयों तक पहुँच, विश्राम या स्तनपान अवकाश पर अनुचित सीमाएँ निषिद्ध हैं।
- लागू होने पर, शयनगृह स्वच्छ, भलीभांति अनुरक्षित होते हैं और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए श्रमिकों के लिए उचित प्रवेश और निकास विशेषाधिकार प्रदान करते हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता

हर्शे सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से इस प्रतिबद्धता को पूरा करने में हमारी सहायता करने की अपेक्षा करते हैं।

- उत्पादों और सेवाओं को लागू कानून और हर्शे कंपनी के सख्त गुणवत्ता मानकों के अनुसार आवश्यक खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा करना चाहिए।
- हर्शे कंपनी को उत्पाद की सुरक्षा या गुणवत्ता के संबंध में किसी भी चिंता को सूचित किया जाना चाहिए।

भूमि अधिकार

हर्शे संपत्ति या भूमि वार्ताओं के लिए देशज लोगों की स्वतंत्र, पूर्व और सूचित सहमति (एफपीआईसी) के सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- भूमि हथियाने के सभी रूप निषिद्ध हैं। भूमि के उपयोग और हस्तांतरण सहित संपत्ति या भूमि के लिए सभी वार्ताओं में देशज लोगों की स्वतंत्र, पूर्व और सूचित सहमति के सिद्धांतों का पालन आवश्यक है।
- स्रोतीकरण पद्धतियों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और परिचालन से प्रभावित व्यक्तियों, देशज लोगों और स्थानीय समुदायों के भूमि अधिकारों का सम्मान किया जाता है।

पयार्वरण

हर्शे अपनी संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में अपना पर्यावरणीय प्रभाव कम करने और संधारणीय परिचालन और कृषि उत्पादन संबंधी पद्धतियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करते हैं जो उत्तरदायी और संधारणीय ढंग से इस प्रकार अपनी घटक सामगियाँ, पैकेजिंग सामगियाँ और अन्य वस्तुएँ और सेवाएँ मँगाने के लिए हमारे प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार हैं कि जिससे वायु, भूमि और पानी पर हमारा प्रभाव कम करने में सहायता मिलती है।

- परिचालन, अपशिष्ट निपटान, खतरनाक अपशिष्ट, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अपशिष्ट जल और विषाक्त पदार्थों से संबंधित संघीय और स्थानीय पर्यावरण कानूनों और विनियमों सहित पूरी तरह से सभी संघीय और स्थानीय पर्यावरण कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हैं।
- जैसा कि विसर्जन या निपटान से पहले आवश्यक है, परिचालन जनित वायु उत्सर्जन, अपशिष्ट जल और ठोस अपशिष्ट को चिह्नित किया जाता है, उनकी निगरानी, नियंत्रण और उपचार किया जाता है।
- संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में परिचालन और कार्य, निर्वनीकरण या जैव विविधता की हानि में योगदान नहीं देते हैं। उच्च संरक्षण मूल्य और उच्च कार्बन स्टॉक क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को अपनी स्वयं की निर्वनीकरण नीति और प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- सभी आवश्यक पर्यावरणीय अनुज्ञाएँ (जैसे विसर्जन और बहि:स्रवण निगरानी रिकॉर्ड) प्राप्त की जाती है, उन्हें बनाए और अद्यतन रखा जाता है और किसी भी परिचालन संबंधी, पंजीकरण और प्रतिवेदन आवश्यकताओं का पालन किया जाता है।
- ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन, पानी और अपशिष्ट जैसे क्षेत्रों में पर्यावरणीय प्रभावों का सक्रिय रूप से मापन, प्रबंधन और प्रकटीकरण करने के लिए और साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और कार्य योजनाएँ लागू करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित किया जाता है। वार्षिक पर्यावरणीय प्रदर्शन पर सार्वजनिक प्रतिवेदन को प्रोत्साहित किया जाता है।

व्यवसायिक नैतिकता

जिन देशों में हम अपनी संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में काम करते हैं, हर्शे नीतिशास्त्रीय और कानूनी रूप से व्यवसाय का संचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम नीतिशास्त्रीय व्यवहार के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने वाले आपूर्तिकर्ताओं और व्यापार भागीदारों के साथ व्यवसाय करना पसंद करते हैं।

- आपूर्तिकर्ता उच्चतम नैतिक मानकों के अनुसार अपने व्यवसाय का संचालन करते हैं और कंपनी की परिसंपत्तियों के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, अनुचित उपहार, धनवसूली, गबन और यहाँ तक कि हितों के टकराव की उपस्थिति प्रतिबंधित और संसूचित करने वाले नियंत्रण रखते हैं।

- आपूर्तिकर्ताओं का व्यावसायिक व्यवहार उचित, विधिसम्मत और ईमानदारीभरा होना चाहिए।
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा विदेशी भ्रष्टाचार आचरण अधिनियम (एफसीपीए) और लागू अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-निरोधक कन्वेशन सहित जिन देशों में वे काम करते हैं, उनके सभी भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और विनियमों का पालन किया जाएगा।
- यदि आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारिक भागीदारों द्वारा हमारे कर्मचारियों को कोई भी व्यावसायिक उपहार दिया जाता हैं, तो वे ऐसा कभी-कभार करेंगे और उपहार मध्यम मूल्य से अधिक के नहीं होने चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारिक भागीदारों द्वारा अपनी बहियों और अभिलेखों में अपना व्यवसायिक व्यवहार भी सही ढंग से दर्शाया जाएगा।
- हर्शे की गोपनीय जानकारी तक पहुँच रखने वाले आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारिक भागीदारों को हमारी अग्रिम लिखित सहमति के बिना किसी अन्य व्यक्ति को ऐसी जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए।
- जिस सीमा तक आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारिक भागीदारों द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में हर्शे के लिए माल का परिवहन किया जाता है, आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यूएस की सीमा शुल्क वेबसाइट www.cbp.gov (या अमेरिकी सरकार द्वारा इस तरह के उद्देश्य से स्थापित अन्य वेबसाइट) पर सी-टीपीएटी (आतंकवाद के विरुद्ध सीमा शुल्क-व्यापार भागीदारी) सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

शिकायत किर्याविधि

हर्शे आपूर्तिकर्ताओं से संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में श्रमिकों और अन्य पक्षों के लिए पारदर्शी, उत्तरदायी, अनाम, निष्पक्ष और गोपनीय शिकायत तंत्र उपलब्ध कराने की अपेक्षा करता है।

- श्रमिकों को अनाम प्रतिवेदन की अनुमति देने वाले शिकायत तंत्र के बारे में पता होना चाहिए और उन तक पहुँच होनी चाहिए। प्रतिवेदित चिंताओं और उल्लंघनों को समयबद्ध तरीके से संबोधित किया जाता है और स्पष्ट रूप से उल्लिखित प्रक्रिया का पालन किया जाता है।
- सद्विश्वास से बोलने वाले श्रमिकों की प्रतिदण्ड, प्रतिकार और प्रतिहिंसा से रक्षा की जाती है।
- यदि शिकायत तंत्र के माध्यम से चिंताओं और उल्लंघनों की सूचना दी जाती है जो आपूर्तिकर्ता संहिता का प्रत्यक्ष उल्लंघन करने वाली हैं, तो हर्शे कंपनी को अधिसूचित किया जाता है।

हर्शे कंपनी को सीधे उल्लंघनों और चिंताओं की चिंता लाइन[1] पर सूचना दी जा सकती है। यह कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और अन्य पक्षों के लिए फोन और इंटरनेट के माध्यम से 10 भाषाओं में 24/7 उपलब्ध तृतीय-पक्ष की निगरानी वाली स्वतंत्र सेवा है।

पर्बंधन पर्णालियाँ, अनुपालन और अंकेक्षण

आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि आपूर्तिकर्ता संहिता का चालू अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और प्रभावी प्रबंधन प्रणालियाँ, नीतियाँ, प्रक्रियाएँ, वित्तीय प्रलेखन और प्रशिक्षण मौजूद हैं। हम आपूर्तिकर्ता संहिता में उल्लिखित प्रासंगिक मुद्दों के प्रबंधन के संबंध में अपने आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। मजबूत प्रबंधन प्रणालियों के संबंध में अधिक मार्गदर्शन और जानकारी के लिए, हमारी आपूर्तिकर्ता गुणवत्ता अपेक्षाएँ नियमावली देखें।

हर्शे कंपनी स्व-मूल्यांकन प्रश्नावली, घोषित और अघोषित साइट पर स्वतंत्र और तृतिय पक्ष लेखा परीक्षा, और कार्यकर्ता कल्याण सर्वेक्षण जैसे आंतरिक और बाहरी मूल्यांकन तंत्र के माध्यम से इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अनुपालन सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। इस तरह की लेखा परीक्षाओं द्वारा आपूर्तिकर्ता की सुविधाओं, परिचालनों, बहियों और अभिलेखों और आपूर्तिकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए आवास का निरीक्षण किया जा सकता हैं, और इसमें गोपनीय श्रमिक साक्षात्कार शामिल हो सकता है। यदि अननुपालन देखा जाता है, तो आपूर्तिकर्ता को सुधारात्मक कार्रवाई करनी होगी।

यदि आपूर्तिकर्ता अनुशंसित सुधारात्मक कार्य योजनाओं को कार्यान्वित करने में विफल रहते हैं और समयबद्ध तरीके से किसी अननुपालन कार्य में सुधार नहीं करते हैं, तो जब तक सुधारात्मक कार्रवाइयाँ कार्यान्वित नहीं की जाती हैं, हर्शे अपने पूर्ण विवेकाधिकार से और

[1] फोन या www.HersheysConcern.com पर वेब के माध्यम से चिंताओं को गोपनीय रूप से साझा किया जा सकता है। स्थानीय फोन नंबर "अवर लोकेशन" टैब पर क्लिक करने पर उपलब्ध हैं।

आपूर्तिकर्ताओं के प्रति किसी दायित्व के बिना खरीद को निलंबित कर सकता है, किसी भी खरीद आदेश के अंतर्गत डिलीवरी लेने से इनकार कर सकता है और आपूर्तिकर्ताओं की किन्हीं भी वस्तुओं या सेवाओं को लौटा सकता है या हर्शे के लिए उपलब्ध किन्हीं भी अन्य अधिकारों या उपचारों के अलावा आपूर्तिकर्ता के साथ अपना व्यावसायिक संबंध समाप्त कर सकता है।

हम आपूर्तिकर्ताओं से उन सूचनाओं का खुलासा करने का अनुरोध करने का भी अधिकार सुरक्षित रखते हैं जो हर्शे कंपनी को आपूर्ति की गई किसी भी वस्तु का उत्पादन करने वाली सुविधाओं की भौगोलिक स्थिति, उनकी सुविधाओं के भीतर उत्पादित कच्चे माल की उत्पत्ति और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जैसे पर्यावरण प्रदर्शन संकेतकों से संबंधित हो सकती हैं।

हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का प्रबंधन वैश्विक उत्तरदायी स्रोतीकरण, खरीद दल की ज़िम्मेदारी है और इसका नेतृत्व हमारे वैश्विक उत्तरदायी स्रोतीकरण निदेशक द्वारा किया जाता है जो वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुख्य आपूर्ति श्रृंखला अधिकारी में रिपोर्ट करते हैं। वैश्विक उत्तरदायी स्रोतीकरण दल, विशेष रूप से संधारणीय प्रयासों के चारों ओर, हमारे वैश्विक संधारणीयता दल के साथ मिलकर काम करता है जिसमें सभी प्रमुख व्यावसायिक कार्यों के उपाध्यक्षों से मिलकर बनी संधारणीयता संचालन समिति से यथा आवश्यक मार्गदर्शन के साथ मानव अधिकार और पर्यावरण शामिल हैं। वैश्विक उत्तरदायी स्रोतीकरण की अंतिम देखरेख हमारे निदेशक मंडल और हमारी कार्यकारी समिति (सीईओ और सीईओ की प्रत्यक्ष रिपोर्टों सहित) में निहित है, जिन्हें क्रमशः वार्षिक और द्वि-वार्षिक आधार पर हिदायत दी जाती है।